Exam Date - 24.12.22

इस परीक्षा पुस्तिका को तब तक न खोलें जब तक कहा न जाए।/Do not open this Test Booklet until you are asked to do so.

पुस्तिका में पृष्ठों की संख्या : 32
No. of Pages in Booklet : 32

पुस्तिका में प्रश्नों की संख्या : 150
No. of Questions in Booklet : 150

Paper Code : 05

# ST-22

## Paper-II

प्रश्न पुस्तिका संख्या/
Question Booklet No. 5011325

Rg 10/01/23

SUBJECT : Science

समय : 02.30 घण्टे Time : 02.30 Hours

अधिकतम अंक : 300 Maximum Marks: 300

प्रश्न पुस्तिका के पेपर की सील/पॉलिथिन बैग को खोलने पर प्रश्न पत्र हल करने से पूर्व परीक्षार्थी यह सुनिश्चित कर लें कि :–

- प्रश्न पुस्तिका संख्या तथा ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक पर अंकित बारकोड संख्या समान है।
- प्रश्न पुस्तिका एवं ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक के सभी पृष्ठ व सभी प्रश्न सही मुद्रित हैं। समस्त प्रश्न, जैसा कि ऊपर वर्णित है, उपलब्ध हैं तथा कोई भी पृष्ठ कम नहीं है/मुद्रण त्रुटि नहीं है।

किसी भी प्रकार की विसंगति या दोषपूर्ण होने पर परीक्षार्थी वीक्षक से दूसरा प्रश्न पत्र प्राप्त कर लें। यह सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी अभ्यर्थी की होगी। परीक्षा प्रारम्भ होने के 5 मिनट पश्चात् ऐसे किसी दावे/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

On opening the paper seal/polythene bag of the Question Booklet before attempting the question paper the candidate should ensure that:-

- Question Booklet Number and Barcode Number of OMR Answer Sheet are same.
- All pages & Question of Question booklet and OMR answer sheet are properly printed. All question as mentioned above are available and no page is missing/misprinted.

If there is any discrepancy/defect, candidate must obtain another Question Booklet from Invigilator. Candidate himself shall be responsible for ensuring this. No claim/objection in this regard will be entertained after **five** minutes of start of examination.

## परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए।
2. सभी प्रश्नों के अंक समान हैं।
3. प्रत्येक प्रश्न का केवल एक ही उत्तर दीजिए।
4. एक से अधिक उत्तर देने की दशा में प्रश्न के उत्तर को गलत माना जाएगा।
5. **OMR** उत्तर–पत्रक इस परीक्षा पुस्तिका के अन्दर रखा है। जब आपको परीक्षा पुस्तिका खोलने को कहा जाए, तो उत्तर–पत्रक निकाल कर ध्यान से केवल **नीले बॉल प्वॉइंट पेन** से विवरण भरें।
6. कृपया अपना रोल नम्बर ओ.एम.आर. उत्तर–पत्रक पर सावधानी पूर्वक सही भरें। गलत रोल नम्बर भरने पर परीक्षार्थी स्वयं उत्तरदायी होगा।
7. **प्रत्येक गलत उत्तर के लिए प्रश्न अंक का 1/3 भाग काटा जायेगा।** गलत उत्तर से तात्पर्य अशुद्ध उत्तर अथवा किसी भी प्रश्न के एक से अधिक उत्तर से है।
8. प्रत्येक प्रश्न के चार वैकल्पिक उत्तर दिये गये हैं, जिन्हें क्रमशः 1, 2, 3, 4 अंकित किया गया है। अभ्यर्थी को सही उत्तर निर्दिष्ट करते हुए उनमें से केवल एक गोले अथवा बबल को उत्तर–पत्रक पर **नीले बॉल प्वॉइंट पेन** से गहरा करना है।
9. यदि किसी प्रश्न में किसी प्रकार की कोई मुद्रण या तथ्यात्मक प्रकार की त्रुटि हो, तो प्रश्न के हिन्दी तथा अंग्रेज़ी रूपान्तरों में से अंग्रेज़ी रूपान्तर मान्य होगा।
10. मोबाइल फोन अथवा इलेक्ट्रॉनिक यंत्र का परीक्षा हॉल में प्रयोग पूर्णतया वर्जित हैं। यदि किसी अभ्यर्थी के पास ऐसी कोई वर्जित सामग्री मिलती है, तो उसके विरुद्ध आयोग द्वारा नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी।

**चेतावनी :** अगर कोई अभ्यर्थी नकल करते पकड़ा जाता है या उसके पास से कोई अनधिकृत सामग्री पाई जाती है, तो उस अभ्यर्थी के विरुद्ध पुलिस में प्राथमिकी दर्ज कराते हुए और **राजस्थान सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों की रोकथाम) अधिनियम, 2022 तथा अन्य प्रभावी कानून एवं आयोग के नियमों–प्रावधानों** के तहत कार्यवाही की जाएगी। साथ ही आयोग ऐसे अभ्यर्थी को भविष्य में होने वाली आयोग की समस्त परीक्षाओं से विवर्जित कर सकता है।

## INSTRUCTIONS FOR CANDIDATES

1. Answer all questions.
2. All questions carry equal marks.
3. Only one answer is to be given for each question.
4. If more than one answers are marked, it would be treated as wrong answer.
5. The **OMR** Answer Sheet is inside this Test Booklet. When you are directed to open the Test Booklet, take out the Answer Sheet and fill in the particulars carefully with **blue ball point pen** only.
6. Please correctly fill your Roll Number in O.M.R. Answer Sheet. Candidate will themselves be responsible for filling wrong Roll Number.
7. **1/3 part of the mark(s) of each question will be deducted for each wrong answer.** A wrong answer means an incorrect answer or more than one answers for any question.
8. Each question has four alternative responses marked serially as **1, 2, 3, 4**. You have to darken only one circle or bubble indicating the correct answer on the Answer Sheet using **BLUE BALL POINT PEN.**
9. If there is any sort of ambiguity/mistake either of printing or factual nature, then out of Hindi and English Version of the question, the English Version will be treated as standard.
10. Mobile Phone or any other electronic gadget in the examination hall is strictly prohibited. A candidate found with any of such objectionable material with him/her will be strictly dealt as per rules.

**Warning :** If a candidate is found copying or if any unauthorized material is found in his/her possession, F.I.R. would be lodged against him/her in the Police Station and he/she would liable to be prosecuted under **Rajasthan Public Examination (Prevention of Unfair means) Act, 2022 & any other law applicable and Commission's Regulations.** Commission may also debar him/her permanently from all future examinations.

उत्तर पत्रक में दो प्रतियां हैं – मूल प्रति और कार्बन प्रति, परीक्षा समाप्ति पर परीक्षा कक्ष छोड़ने से पूर्व परीक्षार्थी उत्तर पत्रक की दोनों प्रतियां वीक्षक को सौंपेंगे, परीक्षार्थी स्वयं कार्बन प्रति अलग नहीं करें। वीक्षक उत्तर पत्रक की मूल प्रति को अपने पास जमा कर, कार्बन प्रति को मूल प्रति से कट लाईन से मोड़कर सावधानी पूर्वक अलग कर परीक्षार्थी को सौंपेंगे। परीक्षार्थी कार्बन प्रति को अपने साथ ले जायेंगे।

1. When a 1 kg lump of metal travelling with speed 0.4 c, its momentum is p. If its speed is doubled the momentum of metal lump will be -

(1) 2 p

(2) More than 4 p

(3) 4 p

(4) More than 2 p but less than 4 p

2. Natural rubber is a linear polymer of -

(1) 2 – methyl -1,3 – butadiene

(2) 2- chloro – 1,3- butadiene

(3) 1,3- butadiene

(4) 2-cyano – 1,3- butadiene

3. Formation of interfascicular cambium and cork cambium from fully differentiated parenchymatous cells is possible due to -

(1) Reverse differentiation (2) Differentiation

(3) Dedifferentiation (4) Redifferentiation

4. Which of the following is pyridoxine?

(1) Vitamin $B_{12}$ (2) Vitamin $B_2$

(3) Vitamin $B_1$ (4) Vitamin $B_6$

5. $\lambda_{max}$ of following compound is -




(1) 300 nm (2) 343 nm

(3) 338 nm (4) 333 nm

6. Wildlife Institute of India is situated at -

(1) Dehradun (2) Mumbai

(3) Jaisalmer (4) Jaipur

7. The blood glands in <u>Pheritema</u> are found in which segments?

(1) 7, 8, 9 (2) 1, 2, 3

(3) 4, 5, 6 (4) 10, 11, 12

1. जब एक 1 कि.ग्रा. धातु का पिंड 0.4 c चाल से गति करता है, तो इसका संवेग p है। यदि इसकी चाल दूगनी कर दी जाए, तो धातु के पिंड गोले का संवेग हो जाएगा –

(1) 2 p

(2) 4 p से अधिक

(3) 4 p

(4) 2 p से अधिक किन्तु 4 p से कम

2. प्राकृतिक रबर रैखिक बहुलक है –

(1) 2 – मेथिल –1,3 – ब्यूटाडाईन का

(2) 2 – क्लोरो –1,3 – ब्यूटाडाईन का

(3) 1,3 – ब्यूटाडाईन का

(4) 2 – सायनो 1,3 – ब्यूटाडाईन का

3. पूर्ण रूप से विभेदित मृदूतकीय कोशिकाओं से अन्तरापूलीय एधा एवं कॉर्क एधा निर्माण संभव होता है –

(1) विपरीत विभेदन के कारण (2) विभेदन के कारण

(3) निर्विभेदन के कारण (4) पुनर्विभेदन के कारण

4. निम्नलिखित में से कौनसा पायरिडॉक्सिन है?

(1) विटामिन $B_{12}$ (2) विटामिन $B_2$

(3) विटामिन $B_1$ (4) विटामिन $B_6$

5. निम्नलिखित यौगिक का $\lambda_{max}$ है –




(1) 300 nm (2) 343 nm

(3) 338 nm (4) 333 nm

6. भारत का वन्यजीव संस्थान कहाँ स्थित है?

(1) देहरादून (2) मुम्बई

(3) जैसलमेर (4) जयपुर

7. फेरिटिमा में रक्त ग्रंथियाँ किन खंडों में पाई जाती हैं?

(1) 7, 8, 9 (2) 1, 2, 3

(3) 4, 5, 6 (4) 10, 11, 12

8. Mitochondria are present in which region of the sperm?

(1) Tail (2) Neck

(3) Acrosome (4) Middle piece

9. Homolytic fission of a covalent bond results in the formation of -

(1) Carbocation (2) Carbanion

(3) Free radical (4) A heteropolar species

10. The correct order of decreasing acid strength is -

(1) $ClCH_2COOH > Cl_2CHCOOH > Cl_3C\ COOH > CH_3COOH$

(2) $CH_3COOH > ClCH_2COOH > Cl_2CHCOOH > Cl_3C\ COOH$

(3) $Cl_2CHCOOH > CH_3COOH > ClCH_2COOH > Cl_3C\ COOH$

(4) $Cl_3C\ COOH > Cl_2CHCOOH > ClCH_2COOH > CH_3COOH$

11. Select the correct statement -

(1) Light-harvesting system in photosynthesis is called antennae

(2) Reaction centre in photosynthesis is formed by xanthophyll pigments only

(3) Reaction centre of PS-I in P680

(4) Reaction centre of PS-II is P700

12. Which of the following is not a characteristic feature of class Aves?

(1) Renal portal system is well developed

(2) Exoskeleton is epidermal and horny

(3) Heterocoelous vertebrae

(4) Large eyes with sclerotic plates and a pecten

8. शुक्राणु के किस भाग में माइटोकॉन्ड्रिया पाए जाते हैं?

(1) पुच्छ (2) ग्रीवा

(3) ऐक्रोसोम (4) मध्य खण्ड

9. सहसंयोजक आबंध के समांश विदलन के फलस्वरूप बनता है –

(1) कार्बधनायन (2) कार्बऋणायन

(3) मुक्त मूलक (4) एक विषमध्रुवीय स्पीशीज़

10. निम्नलिखित में घटती हुई अम्ल सामर्थ्य का सही क्रम है –

(1) $ClCH_2COOH > Cl_2CHCOOH > Cl_3C\ COOH > CH_3COOH$

(2) $CH_3COOH > ClCH_2COOH > Cl_2CHCOOH > Cl_3C\ COOH$

(3) $Cl_2CHCOOH > CH_3COOH > ClCH_2COOH > Cl_3C\ COOH$

(4) $Cl_3C\ COOH > Cl_2CHCOOH > ClCH_2COOH > CH_3COOH$

11. सही कथन का चयन कीजिए –

(1) प्रकाश संश्लेषण में प्रकाश–अवशोषण (हार्वेस्टिंग) तंत्र ऐंटीना कहलाता है

(2) प्रकाश संश्लेषण में अभिक्रिया केन्द्र का निर्माण केवल जैन्थोफिल वर्णकों के द्वारा होता है

(3) PS-I का अभिक्रिया केन्द्र P680 है

(4) PS-II का अभिक्रिया केन्द्र P700 है

12. निम्नलिखित में से कौन सा वर्ग एवीज़ का लाक्षणिक गुण नहीं है?

(1) वृक्क निवाहिका तंत्र पूर्ण विकसित होता है।

(2) बाह्य कंकाल अधिचर्मी तथा शृंगी होता है।

(3) विषमगर्ती कशेरुक

(4) बड़ी आँखें जिनमें दृढ़पटली पट्टिका तथा पैक्टेन होता है।

13. A fish 40 cm beneath the surface of a pond sees a bird flying directly overhead. The bird is actually 18 cm above the water. The distance of the bird as seen from the fish will be -

(1) 58 cm (2) 64 cm

(3) 44 cm (4) 60 cm

14. Which of the following has lowest value of electronegativity on Pauling scale?

(1) Na (2) Mg

(3) Be (4) Li

15. The moment of inertia of a thin square plate ABCD of uniform thickness about an axis passing through the centre O and perpendicular to the plate is-

(a) $I_1 + I_2$

(b) $I_3 + I_4$

(c) $I_1 + I_3$

(d) $I_1 + I_2 + I_3 + I_4$

Where $I_1$, $I_2$, $I_3$ and $I_4$ are respectively, the moments of inertia about axes 1, 2, 3 & 4 which are in the plane of the plate.




Select the correct answer using the code given below -

(1) Only (a) and (b)

(2) Only (a)

(3) Only (a), (b) and (c)

(4) All the four (a), (b), (c) and (d)

13. तालाब की सतह से नीचे 40 cm गहराई पर स्थित मछली उसके ठीक ऊपर उड़ रहे पक्षी को देखती है। वास्तव में पक्षी पानी की सतह से 18 cm ऊपर है। मछली से पक्षी की दिखाई देने वाली दूरी होगी –

(1) 58 cm (2) 64 cm

(3) 44 cm (4) 60 cm

14. पॉलिंग पैमाने पर, निम्नलिखित में से किसकी विद्युतऋणात्मकता का मान सबसे कम है?

(1) Na (2) Mg

(3) Be (4) Li

15. समान मोटाई की पतली वर्गाकार प्लेट ABCD के केन्द्र O से परितः प्लेट के लम्बवत अक्ष के जड़त्व आघूर्ण है –

(a) $I_1 + I_2$

(b) $I_3 + I_4$

(c) $I_1 + I_3$

(d) $I_1 + I_2 + I_3 + I_4$

जहाँ $I_1$, $I_2$, $I_3$ एवं $I_4$ तल में स्थित 1, 2, 3, 4 से पारित अक्षों के सापेक्ष जड़त्व आघूर्ण है।




निम्न कोड का उपयोग करते हुए सही उत्तर का चयन कीजिए –

(1) सिर्फ (a) व (b)

(2) सिर्फ (a)

(3) सिर्फ (a), (b), व (c)

(4) उपरोक्त चारों (a), (b), (c) व (d)

16. A body of mass 'm' accelerates uniformly from rest to velocity $v_1$ in time $t_1$. The instantaneous power delivered to the body as a function of time 't' is -

(1) $\frac{m v_1^2 t}{t_1^2}$ (2) $\frac{m v_1^2 t_1^2}{t^2}$

(3) $\frac{m v_1^2 t}{t_1}$ (4) $\frac{m_1 v_1 t^2}{t_1}$

17. Ultimate acceptor of electrons in electron transport system is -

(1) $NADH_2$ (2) Cytochrome c

(3) $O_2$ (4) Cytochrome $a_3$

18. A stone is dropped from a height h. It hits the ground with a certain momentum p. If the same stone is dropped from a height 2h, the momentum when it hits the ground will change to -

(1) 1.73p (2) 1.5p

(3) 1.41p (4) 2p

19. The muscular wall gizzard of Earthworm consists of -

(1) Longitudinal and oblique muscle fibres

(2) Circular muscle fibres

(3) Oblique muscle fibres

(4) Longitudinal muscle fibres

20. On the basis of data given below, predict which of the following gases shows least adsorption on a definite amount of charcoal?

| Gas | $CO_2$ | $SO_2$ | $CH_4$ | $H_2$ |
|---|---|---|---|---|
| Critical temperature/K | 304 | 630 | 190 | 33 |

(1) $H_2$ (2) $CH_4$

(3) $CO_2$ (4) $SO_2$

21. Which of the following electronic arrangements in molecular orbitals is correctly represented?

(1) $Be_2 = KK, \sigma_{2s^2}, \overset{*}{\sigma}_{2s^2}$ (2) $Na_2 = KK, LL, \sigma_{3s^1}$

(3) $He_2^+ = \sigma_{1s^2}, \overset{*}{\sigma}_{1s^2}$ (4) $Li_2 = KK, \sigma_{2s^1}$

16. m द्रव्यमान का एक पिण्ड $t_1$ समय में विरामावस्था से वेग $v_1$ तक एकसमान रूप से त्वरित होता है। पिण्ड को दी गई तात्क्षणिक शक्ति, समय t के फलन के रूप में, है –

(1) $\frac{m v_1^2 t}{t_1^2}$ (2) $\frac{m v_1^2 t_1^2}{t^2}$

(3) $\frac{m v_1^2 t}{t_1}$ (4) $\frac{m_1 v_1 t^2}{t_1}$

17. इलेक्ट्रॉन परिवहन तंत्र में इलेक्ट्रॉनों का अंतिम ग्राही है –

(1) $NADH_2$ (2) साइटोक्रोम c

(3) $O_2$ (4) साइटोक्रोम $a_3$

18. एक पत्थर h ऊँचाई से गिराया जाता है। यह जमीन पर एक निश्चित संवेग p से टकराता है। यदि इस पत्थर को 2h ऊँचाई में गिराया जाए, तो जमीन से टकराते समय संवेग हो जाएगा –

(1) 1.73p (2) 1.5p

(3) 1.41p (4) 2p

19. केंचुए की मांसल पेषणी भित्ति बनी होती है –

(1) लम्बवत् तथा तिर्यक पेशीतन्तुओं से

(2) वृत्ताकार पेशीतन्तुओं से

(3) तिर्यक पेशीतन्तुओं से

(4) लम्बवत् पेशीतन्तुओं से

20. नीचे दिए गए आंकड़ों के आधार पर, बताइए कि निम्नलिखित में से कौनसी गैस चारकोल की एक निश्चित मात्रा पर निम्नतम अधिशोषण प्रदर्शित करती है?

| गैस | $CO_2$ | $SO_2$ | $CH_4$ | $H_2$ |
|---|---|---|---|---|
| क्रांतिक ताप/K | 304 | 630 | 190 | 33 |

(1) $H_2$ (2) $CH_4$

(3) $CO_2$ (4) $SO_2$

21. आण्विक कक्षकों में निम्नलिखित में से कौनसी इलेक्ट्रॉनिक व्यवस्था सही प्रदर्शित की गई है ?

(1) $Be_2 = KK, \sigma_{2s^2}, \overset{*}{\sigma}_{2s^2}$ (2) $Na_2 = KK, LL, \sigma_{3s^1}$

(3) $He_2^+ = \sigma_{1s^2}, \overset{*}{\sigma}_{1s^2}$ (4) $Li_2 = KK, \sigma_{2s^1}$

22. Christmas factor is also known as -

(1) Factor III (2) Factor X

(3) Factor XIII (4) Factor IX

23. The "Red Data Book" is published and maintained by -

(1) WWF

(2) Ministry of Environment, Govt. of India

(3) The International Union for Conservation of Nature

(4) UNESCO

24. Development of female gametophyte in Gnetum is -

(1) Tetrasporic (2) Bisporic

(3) Monosporic (4) Trisporic

25. The gametophytic, non vascular, seedless plants which lack complex tissue organization having alternation of generation are -

(1) Moss (2) Mushroom

(3) Fern (4) Algae

26. Two different metallic wires A and B of same radius and same length are joined to have a long wire. If its one end is fixed and on applying force on other end, elongation in this wire is 4 cm. If $Y_B = 3Y_A$, then change in length of wire B is – (Y – Young's modulus)

(1) 1 cm (2) 2 cm

(3) 4 cm (4) 3 cm

27. A sample of 'm' kg water is slowly heated from temperature $T_1$ to temperature $T_2$, the change in the entropy of the water will be -

(1) $ms \ln (T_2 - T_1)$ (2) $\frac{m s}{\ln(T_2-T_1)}$

(3) $ms \ln \left(\frac{T_2}{T_1}\right)$ (4) $ms (T_2-T_1)$

22. क्रिसमस कारक जाना जाता है –

(1) कारक III से (2) कारक X से

(3) कारक XIII से (4) कारक IX से

23. "रेड डेटा बुक" किसके द्वारा प्रकाशित एवं संधृत रखी जाती है?

(1) डब्लू.डब्लू.एफ.

(2) पर्यावरण मंत्रालय, भारत सरकार

(3) द इन्टरनेशनल यूनियन फॉर कन्ज़र्वेशन ऑफ नेचर

(4) यूनेस्को

24. नेटम में मादा युग्मकोद्भिद का विकास होता है –

(1) चतुष्कीबीजाणुज (2) द्विबीजाणुज

(3) एकबीजाणुज (4) त्रिबीजाणुज

25. असंवहनीय, बीज एवं जटिल ऊतकीय संरचना रहित, युग्मोद्भिदी पादप, जिनमें पीढ़ी एकान्तरण पाया जाता है –

(1) मॉस (2) मशरूम

(3) फर्न (4) शैवाल

26. समान त्रिज्या एवं समान लम्बाई के दो भिन्न–भिन्न धातुओं के A एवं B तारों को जोड़कर एक लम्बा तार बनाया गया। इसके एक सिरे को नियत करके दूसरे सिरे पर बल लगाने पर इस तार की लंबाई में विस्तार 4 cm है। यदि $Y_B = 3Y_A$, तो तार B की लम्बाई में परिवर्तन है – (Y - यंग प्रत्यास्थता गुणांक)

(1) 1 cm (2) 2 cm

(3) 4 cm (4) 3 cm

27. m कि.ग्रा. पानी के प्रतिदर्श को धीरे–धीरे $T_1$ ताप से $T_2$ ताप तक गर्म किया जाता है। पानी की एण्ट्रॉपी में परिवर्तन होगा–

(1) $ms \ln (T_2 - T_1)$ (2) $\frac{m s}{\ln(T_2-T_1)}$

(3) $ms \ln \left(\frac{T_2}{T_1}\right)$ (4) $ms (T_2-T_1)$

**28.** The density of quantum states of (E) in a 3-dimensional system in the energy range between E and E + dE is proportional to $m^a E^b$, here value of 'a' and 'b' are respectively -

(1) $\frac{3}{2}$ and $\frac{1}{2}$ (2) $\frac{1}{2}$ and $\frac{1}{2}$

(3) $\frac{3}{2}$ and $\frac{3}{2}$ (4) $\frac{1}{2}$ and $\frac{3}{2}$

**28.** ऊर्जा परास E तथा E + dE में एक त्रिविमीय निकाय का क्वांटम अवस्था घनत्व $m^a E^b$ के समानुपाती है। यहाँ a तथा b का क्रमशः मान है –

(1) $\frac{3}{2}$ एवं $\frac{1}{2}$ (2) $\frac{1}{2}$ एवं $\frac{1}{2}$

(3) $\frac{3}{2}$ एवं $\frac{3}{2}$ (4) $\frac{1}{2}$ एवं $\frac{3}{2}$

**29.** Three point charges 2q, Q and q are placed along x axis at points x = 0, $x = \frac{l}{2}$ and x = l respectively. If the net force on charge q is zero, then Q is equal to -

(1) $\frac{-q}{3}$ (2) $-q$

(3) $\frac{-q}{2}$ (4) $\frac{-q}{4}$

**29.** तीन बिन्दु आवेश 2q, Q एवं q, x अक्ष के अनुदिश बिंदुओं क्रमशः x = 0, $x = \frac{l}{2}$ तथा x = l पर रखे हैं। यदि आवेश q पर कुल बल शून्य है, तो Q का मान है –

(1) $\frac{-q}{3}$ (2) $-q$

(3) $\frac{-q}{2}$ (4) $\frac{-q}{4}$

**30.** Two particles of the same mass 'm' moving in different directions with the same speed v collide and stick together. After the collision, the speed of the composite particle is $\frac{v}{2}$. The angle between the velocities of the two particles before collision is -

(1) 45° (2) 120°

(3) 60° (4) 90°

**30.** समान द्रव्यमान m के दो कण भिन्न दिशाओं में समान चाल v से चलते हुए टकराते हैं तथा आपस में चिपक जाते हैं। टक्कर के पश्चात संयुक्त कण की चाल $\frac{v}{2}$ है। टक्कर से पूर्व दोनों कणों के वेगों के मध्य कोण है –

(1) 45° (2) 120°

(3) 60° (4) 90°

**31.** Which one of the following is not a correct Maxwell's equation for harmonically varying fields?

(1) $\vec{\nabla} \cdot \vec{D} = \rho$ (2) $\vec{\nabla} \cdot \vec{B} = 0$

(3) $\nabla \times \vec{H} + j\omega\vec{D} = \vec{J}$ (4) $\vec{\nabla} \times \vec{E} + j\omega\vec{B} = 0$

**31.** आवर्ती (हारमोनिक) परिवर्तित क्षेत्रों के लिए निम्न में से कौन सी मैक्सवेल समीकरण सही नहीं है?

(1) $\vec{\nabla} \cdot \vec{D} = \rho$ (2) $\vec{\nabla} \cdot \vec{B} = 0$

(3) $\nabla \times H + j\omega\vec{D} = \vec{J}$ (4) $\vec{\nabla} \times \vec{E} + j\omega\vec{B} = 0$

**32.** In arrangement of two polarising sheets, their planes are oriented in such a way that light intensity transmitted is maximum (Assume incident light is unpolarised). Through what angle either sheet be turned so that transmitted intensity drops to one fourth of the maximum?

(1) $\frac{\pi}{3}$ or $\frac{2\pi}{3}$ (2) $\frac{\pi}{6}$ or $\frac{5\pi}{6}$

(3) $\frac{\pi}{4}$ or $\frac{3\pi}{4}$ (4) $\frac{\pi}{2}$

**32.** दो समतल ध्रुवण पट्टिकाओं की व्यवस्था में इनके तल इस प्रकार अभिविन्यासित हैं कि उनसे पारगमित प्रकाश की तीव्रता अधिकतम है। (आपतित प्रकाश को अध्रुवित माने) इनमें से एक पट्टिका को कितने कोण से घुमाया जाए जिससे पारगमित प्रकाश की तीव्रता अधिकतम की एक चौथाई रह जाए?

(1) $\frac{\pi}{3}$ एवं $\frac{2\pi}{3}$ (2) $\frac{\pi}{6}$ एवं $\frac{5\pi}{6}$

(3) $\frac{\pi}{4}$ एवं $\frac{3\pi}{4}$ (4) $\frac{\pi}{2}$

**33.** Inactivation of transcription factor by insertion of virus, that can convert one stable cell type into another, is known as -

(1) Teratoma formation
(2) Translation
(3) Transcription
(4) Trans differentiation

**34.** Which of the following statement is not true for WBC (White Blood Cells)?

(1) They are known as leukocytes
(2) Neutrophils secrete heparin
(3) Neutrophils are most abundant leukocytes
(4) They are nucleated

**35.** IUPAC name for

$$CH_3-\overset{\overset{\displaystyle O}{||}}{C}-CH_2-CH_2-\overset{\overset{\displaystyle O}{||}}{C}-OH$$

is -

(1) 1,4- dioxopentanol
(2) 1 – hydroxy pentane -1,4-dione
(3) 4 – oxo pentanoic acid
(4) 1- carboxy butan -3-one

**36.** In Young's double slit experiment, the ratio of the intensities at two points P and Q on the screen, where the path differences between the interfering waves are respectively $\frac{\lambda}{4}$ and $\frac{\lambda}{2}$, will be -

(1) $\frac{1}{2}$
(2) Infinite
(3) 2
(4) Zero

**37.** Calcium plays an important role in which of the following?

(1) Oxygen carrier in blood
(2) Helpful in blood clotting
(3) Oxidation of aldehydes
(4) Oxygen storage in muscle tissue

**33.** वायरस प्रविष्टि के द्वारा अनुलेखन कारक का निष्क्रियकरण जो एक स्थायी प्रकार की कोशिका को दूसरे प्रकार में परिवर्तित कर सकता है, कहलाता है –

(1) टेराटोमा निर्माण
(2) ट्रांसलेशन
(3) ट्रांसक्रिप्शन (अनुलेखन)
(4) ट्रांस डिफरेन्सियेशन

**34.** श्वेत रुधिर कणिकाओं के लिए कौन सा कथन सही नहीं है?

(1) इनको ल्यूकोसाइट भी कहते हैं।
(2) न्यूट्रोफिल हिपेरिन का स्त्रावण करते हैं।
(3) न्यूट्रोफिल की संख्या, श्वेत रुधिर कणिकाओं में अधिकतम होती है।
(4) इनमें केन्द्रक पाया जाता है।

**35.**

$$CH_3-\overset{\overset{\displaystyle O}{||}}{C}-CH_2-CH_2-\overset{\overset{\displaystyle O}{||}}{C}-OH$$

के लिए IUPAC नाम है –

(1) 1,4- डाइऑक्सो पेण्टानॉल
(2) 1 – हाइड्रॉक्सी पेण्टेन -1,4- डाइओन
(3) 4 – ऑक्सो पेण्टानोइक अम्ल
(4) 1- कार्बोक्सी ब्यूटेन -3- ऑन

**36.** यंग के द्वि स्लिट प्रयोग में, पर्दे पर दो बिन्दुओं P एवं Q, जहाँ व्यतिकरण करने वाली तंरगों के मध्य पथान्तर क्रमशः $\frac{\lambda}{4}$ एवं $\frac{\lambda}{2}$ है, पर तीव्रताओं का अनुपात होगा –

(1) $\frac{1}{2}$
(2) अनंत
(3) 2
(4) शून्य

**37.** निम्नलिखित में से किसमें कैल्शियम की एक महत्वपूर्ण भूमिका है?

(1) खून में ऑक्सीजन वाहक
(2) खून का थक्का जमने में सहायक
(3) ऐल्डिहाइड के ऑक्सीकरण में
(4) माँसपेशी ऊतक में ऑक्सीजन संग्रहण

5011325

38. An example of naturally occurring antitranspirant is -

(1) Phenyl mercuric chloride (2) Polyethylene

(3) Abscisic acid (4) Dimethyl silicone

39. The nucleus of $U^{238}$ emits $\alpha-$particle and converts into $Th^{234}$. The velocity of emitted $\alpha$ particle is v and its kinetic energy is E. Then Kinetic energy of residual nucleus $Th^{234}$ ($K_{Th}$) is -

(1) $K_{Th} = 117E$ (2) $K_{Th} = 117v$

(3) $K_{Th} = \frac{E}{117}$ (4) $K_{Th} = \frac{v}{117}$

40. The largest gland of the human body is -

(1) Pancreas (2) Liver

(3) Kidney (4) Stomach

41. Which of these is not an indeterminate type of inflorescence?

(1) Helicoid (2) Spike

(3) Raceme (4) Panicle

42. Map of DNA prepared by cleavage of DNA at specific sites followed by the identification of the locations of the breakpoints is called -

(1) Polymerization (2) Electrophoresis

(3) Restriction mapping (4) Hybridization

43. A conducting circular loop is placed in a uniform magnetic field B with its plane normal to the field. If the radius of the loop starts shrinking at the rate $\frac{dr}{dt}$, then the magnitude of induced emf at the instant when the radius is r, is -

(1) $\pi r^2 B \frac{dr}{dt}$ (2) $\pi r B \frac{dr}{dt}$

(3) $2\pi r B \frac{dr}{dt}$ (4) $2\pi r^2 B \frac{dr}{dt}$

38. प्राकृतिक रूप से पाए ज़ाने वाले प्रतिवाष्पोसर्जक का एक उदाहरण है –

(1) फेनिल मर्क्युरिक क्लोराइड (2) पॉलिएथिलिन

(3) एब्सीसिक अम्ल (4) डाइमेथिल सिलिकोन

39. $U^{238}$ नाभिक $\alpha$ –कण उत्सर्जित कर $Th^{234}$ में बदलता है यदि उत्सर्जित $\alpha$–कण का वेग v व गतिज ऊर्जा E है, तो अवशिष्ट नाभिक $Th^{234}$ की गतिज ऊर्जा ($K_{Th}$) होगी –

(1) $K_{Th} = 117E$ (2) $K_{Th} = 117v$

(3) $K_{Th} = \frac{E}{117}$ (4) $K_{Th} = \frac{v}{117}$

40. मानव शरीर की सबसे बड़ी ग्रंथि कौन सी है?

(1) अग्न्याशय (2) यकृत

(3) वृक्क (4) आमाशय

41. निम्नलिखित में कौन सा अपरिमित प्रकार का पुष्पक्रम नहीं है?

(1) हेलीकोइड (2) स्पाईक

(3) रेसीम (4) पेनीकल

42. डी.एन.ए. मानचित्र जो डी.एन.ए. को विशिष्ट स्थलों पर विदलित करने के पश्चात् विदलन बिन्दुओं की अवस्थिति को पहचान कर बनाया जाता है, कहलाता है –

(1) बहुलकीकरण (2) इलेक्ट्रोफोरेसिस

(3) रेस्ट्रिक्शन मानचित्रण (4) संकरण

43. एक एकसमान चुम्बकीय क्षेत्र B में, एक चालक वृत्ताकार लूप, जिसका तल चुम्बकीय क्षेत्र के लम्बवत् है, रखा है। यदि लूप की त्रिज्या $\frac{dr}{dt}$ दर से सिकुड़ने लगती है, तो उस क्षण, ज़बकि त्रिज्या r है, पर प्रेरित विद्युत वाहक बल का परिमाण है –

(1) $\pi r^2 B \frac{dr}{dt}$ (2) $\pi r B \frac{dr}{dt}$

(3) $2\pi r B \frac{dr}{dt}$ (4) $2\pi r^2 B \frac{dr}{dt}$

5011325

44. The kinetic energy of a body at any displacement X is denoted by $K = \frac{Bx}{X^2+A^2}$. If dimensions of B are given by $M^a L^b T^c$, then a+b+c will be equal to -

(1) 4 (2) 2

(3) 7 (4) 5

44. किसी वस्तु की विस्थापन X पर गतिज ऊर्जा $K = \frac{Bx}{X^2+A^2}$ से प्रदर्शित की जाती है। यदि B की विमाएं $M^a L^b T^c$ हैं, तो a+b+c तुल्य होगा –

(1) 4 (2) 2

(3) 7 (4) 5

45. $I^-(aq) + MnO_4^-(aq) + H_2O(l) \rightarrow I_2(s) + MnO_2(s) + OH^-(aq)$

The coefficients of $I^-$, $MnO_4^-$ and $H_2O$ in the balanced redox reaction are respectively -

(1) 6,1,2 (2) 4,3,4

(3) 6,2,4 (4) 3,5,4

45. $I^-(aq) + MnO_4^-(aq) + H_2O(l) \rightarrow I_2(s) + MnO_2(s) + OH^-(aq)$

संतुलित ऑक्सीकरण – अपचयन अभिक्रिया में $I^-$, $MnO_4^-$ और $H_2O$ के गुणांक क्रमशः है -

(1) 6,1,2 (2) 4,3,4

(3) 6,2,4 (4) 3,5,4

46. The work done by a force $\vec{F} = 5x\,\hat{i}$ N in displacing a particle from x = 3m to x = 5m is -

(1) 75 J (2) 40 J

(3) 20 J (4) 80 J

46. बल $\vec{F} = 5x\,\hat{i}$ N द्वारा एक कण को x = 3m से x = 5m तक विस्थापित करने में किया गया कार्य है –

(1) 75 J (2) 40 J

(3) 20 J (4) 80 J

47. The orbital speed of the electron in the ground state of hydrogen atom is v. Its orbital speed when it is excited to the energy state -3.4 eV will be -

(1) $\frac{v}{2}$ (2) $\frac{v}{4}$

(3) 3.4 v (4) $\frac{v}{3.4}$

47. हाइड्रोजन परमाणु की मूल अवस्था में इलेक्ट्रॉन की कक्षीय चाल v है। इसे ऊर्जा अवस्था -3.4 eV में उत्तेजित करने पर इसकी कक्षीय चाल होगी –

(1) $\frac{v}{2}$ (2) $\frac{v}{4}$

(3) 3.4 v (4) $\frac{v}{3.4}$

48. The energy spectrum of a one dimensional quantum simple harmonic oscillator is -

(1) Discrete and non- degenerate

(2) Continuous and degenerate

(3) Discrete and degenerate

(4) Continuous and non-degenerate

48. एक विमीय क्वांटम सरल आवर्ती दोलित्र का ऊर्जा स्पेक्ट्रम होता है –

(1) विविक्त एवं अनपभ्रष्ट

(2) सतत एवं अपभ्रष्ट

(3) विविक्त एवं अपभ्रष्ट

(4) सतत एवं अनपभ्रष्ट

49. A box of 10 kg is placed on a rough surface. If the coefficient of static friction is $\mu_s = 0.4$, then the force of static friction when applied force is 30 N will be – (take $g = 10\ m/s^2$)




(1) 20 N (2) 40 N

(3) 24 N (4) 30 N

50. Nucleic acids that acts as enzymes are -

(1) Ribozyme (2) Nucleozyme

(3) Abzyme (4) Phosphozyme

51. The average energy released by the fission process is 200 MeV. If the reactor is working at a power level of 8 MW continuously, then the number of fissions per second will be -

(1) $6.25 \times 10^{17}$ (2) $2.5 \times 10^{13}$

(3) $3.125 \times 10^{13}$ (4) $2.5 \times 10^{17}$

52.




X and Y are respectively -

(1) Cis-alkene, trans-alkene

(2) Both trans-alkene

(3) Both cis-alkene

(4) Trans-alkene, cis-alkene

53. Which among the following is an inhibitor of seed germination?

(1) 6-Benzylamino purine (2) Kinetin

(3) $GA_3$ (4) Coumarin

49. 10 kg का एक बॉक्स एक खुरदरी सतह पर रखा है। यदि स्थैतिक घर्षण गुणांक $\mu_s = 0.4$ है, तो 30 N बल लगाने पर स्थैतिक घर्षण बल होगा – ($g = 10\ m/s^2$ लीजिए)




(1) 20 N (2) 40 N

(3) 24 N (4) 30 N

50. एन्ज़ाइम की तरह कार्य करने वाले न्यूक्लिक अम्ल कहलाते हैं –

(1) राबोज़ाइम (2) न्यूक्लियोज़ाइम

(3) एबज़ाइम (4) फॉस्फोज़ाइम

51. नाभिकीय विखण्डन (fission) प्रकिया में 200 MeV औसत ऊर्जा मुक्त होती है। यदि रिएक्टर लगातार 8 MW शक्ति स्तर पर कार्यकारी है, तो प्रति सेकेण्ड विखण्डनों की संख्या होगी –

(1) $6.25 \times 10^{17}$ (2) $2.5 \times 10^{13}$

(3) $3.125 \times 10^{13}$ (4) $2.5 \times 10^{17}$

52.




X और Y क्रमशः है –

(1) समपक्ष–ऐल्कीन, विपक्ष–ऐल्कीन

(2) दोनों विपक्ष–ऐल्कीन

(3) दोनों समपक्ष–ऐल्कीन

(4) विपक्ष–ऐल्कीन, समपक्ष–ऐल्कीन

53. निम्नलिखित में से कौन सा बीज अंकुरण का संदमक है?

(1) 6 बेन्ज़िल ऐमिनो प्यूरीन (2) काइनेटिन

(3) $GA_3$ (4) कूमेरिन

54. Which of these immunoglobulin is present primarily in blood and interstitial fluids and can cross placenta?

(1) IgA (2) IgD

(3) IgM (4) IgG

55. Interaction between two species in which one species is benefited and the other is neither harmed nor benefited is called -

(1) Commensalism (2) Mutualism

(3) Parasitism (4) Predation

56. Look into these two groups -

**Group-I**

(A) Eri silk

(B) Maggot therapy

(C) Lac

(D) Cantharidin

**Group-II**

(i) Lytta vesicatoria

(ii) Kerria lacca

(iii) Samia cynthia ricini

(iv) Lucilia sericata

The correct match is -

(1) A-iii, B-iv, C-i, D-ii (2) A-iv, B-iii, C-ii, D-i

(3) A-iii, B-iv, C-ii, D-i (4) A-i, B-ii, C-iii, D-iv

57. Among the following vitamins, the one whose deficiency causes pernicious anaemia?

(1) Retinol (2) Ascorbic acid

(3) Pyridoxine (4) Cobalamin

58. The pKa of acetic acid and pKb of ammonium hydroxide are 4.76 and 4.75 respectively. What will be the pH of ammonium acetate solution?

(1) 7.005 (2) 0.01

(3) 7 (4) 9.51

54. निम्न में कौन सा प्रतिरक्षा ग्लोब्युलिन रक्त तथा अंतराली द्रव्यों में प्रमुख रूप से उपस्थित रहता है और प्लेसेन्टा को पार कर सकता है?

(1) IgA (2) IgD

(3) IgM (4) IgG

55. दो प्रजातियों के मध्य अन्योन्यक्रिया जो एक प्रजाति के लिए हितकारी है तथा दूसरी प्रजाति के लिए न तो हितकारी है और न ही अहितकारी, कहलाती है –

(1) सहभोजिता (2) सहोपकारिता

(3) परजीविता (4) परभक्षिता

56. निम्न दो समूहों को देखिए –

**समूह–I**

(A) एरी सिल्क

(B) मैगट चिकित्सा

(C) लाख

(D) कैन्थारिडिन

**समूह–II**

(i) लिट्टा वेसीकेटोरिया

(ii) केरिया लेक्का

(iii) सामिया सिन्थिया रिसिनी

(iv) ल्यूसीलिया सेरीकाटा

सही मेल है –

(1) A-iii, B-iv, C-i, D-ii (2) A-iv, B-iii, C-ii, D-i

(3) A-iii, B-iv, C-ii, D-i (4) A-i, B-ii, C-iii, D-iv

57. निम्नलिखित में से किस विटामिन की कमी से प्रणाशी रक्ताल्पता होती है?

(1) रेटिनॉल (2) ऐस्कोर्बिक अम्ल

(3) पायरिडॉक्सिन (4) कोबालामिन

58. ऐसीटिक अम्ल का pKa तथा अमोनियम हाइड्रॉक्साइड का pKb क्रमशः 4.76 और 4.75 हैं। अमोनियम ऐसीटेट विलयन का pH क्या होगा?

(1) 7.005 (2) 0.01

(3) 7 (4) 9.51

59. "No two electrons in an atom can have the same set of four quantum numbers." is the statement of which of the following?

(1) Aufbau principle
(2) Pauli Exclusion principle
(3) Hund's rule of Maximum Multiplicity
(4) (n+l) rule

60. The electronic configuration of two elements A and B are given below, the molecular formula of compound formed from A and B will be -

$A = 1s^2 2s^2 2p^6 3s^2 3p^3$

$B = 1s^2 2s^2 2p^6 3s^2 3p^5$

(1) $AB_3$ (2) AB
(3) $A_2B$ (4) $AB_2$

61. Select the option from the following sets (i to iv) which is not permissible for an electron in an atom -

(i) n=2, l=1, m=0, $s = +\frac{1}{2}$
(ii) n=3, l=3, m=-3, $s= +\frac{1}{2}$
(iii) n=3, l=2, m=-2, s= 1
(iv) n=4, l=3, m=-2, $s= +\frac{1}{2}$

(1) Only (ii) (2) Only (i)
(3) (i) and (iv) (4) (ii) and (iii)

62. The escape velocity on the Earth's surface is 11.2 km/s. If a body is projected with velocity 15 km/s from the Earth's surface, its speed when it just overcomes the Earth's gravitational field will be (Approx) -

(1) 3.8 km/s (2) 10 km/s
(3) 11.2 km/s (4) 7.6 km/s

63. Substance added to cement to slow down its setting process is -

(1) Plaster of Paris (2) Silica
(3) Gypsum (4) Alumina

59. "किसी परमाणु में उपस्थित दो इलेक्ट्रॉनों की चारों क्वांटम संख्याएँ एक समान नहीं हो सकती है।" यह कथन निम्नलिखित में से किसका है?

(1) ऑफबाऊ नियम
(2) पाउली अपवर्जन सिद्धान्त
(3) हुंड का अधिकतम बहुलता का नियम
(4) (n+l) नियम

60. दो तत्वों A और B का इलेक्ट्रॉनिक विन्यास नीचे दिया गया है, A और B से बनने वाले यौगिक का आण्विक सूत्र होगा –

$A = 1s^2 2s^2 2p^6 3s^2 3p^3$

$B = 1s^2 2s^2 2p^6 3s^2 3p^5$

(1) $AB_3$ (2) AB
(3) $A_2B$ (4) $AB_2$

61. नीचे दिए गए समूहों में (i से iv) वह विकल्प चुनें जो किसी परमाणु में एक इलेक्ट्रॉन के लिए संभव नहीं है –

(i) n=2, l=1, m=0, $s = +\frac{1}{2}$
(ii) n=3, l=3, m=-3, $s= +\frac{1}{2}$
(iii) n=3, l=2, m=-2, s= 1
(iv) n=4, l=3, m=-2, $s= +\frac{1}{2}$

(1) केवल (ii) (2) केवल (i)
(3) (i) और (iv) (4) (ii) और (iii)

62. पृथ्वी की सतह पर पलायन वेग 11.2 km/s है। यदि एक वस्तु को पृथ्वी की सतह से 15 km/s के वेग से प्रक्षेपित करते हैं, तो पृथ्वी के गुरुत्वाकर्षण क्षेत्र के बाहर निकलते ही इसकी चाल होगी (लगभग) –

(1) 3.8 km/s (2) 10 km/s
(3) 11.2 km/s (4) 7.6 km/s

63. सीमेंट के जमने की प्रक्रिया को धीमा करने के लिए उसमें मिलाया जाने वाला पदार्थ है –

(1) प्लास्टर ऑफ पेरिस (2) सिलिका
(3) जिप्सम (4) एलूमिना

64. Which of the following is not involved in cell proliferation and growth factor in multicellular animals?

(1) Platelet derived growth factor (2) Interleukin -3

(3) Erythropoietin (4) Interleukin -2

65. In angiosperms, the fusion of one male gamete with two polar nuclei is termed as -

(1) Triple fusion (2) Apospory

(3) Double fertilization (4) Parthenocarpy

66. An electric dipole having dipole moment A is placed at origin O, such that its equator at point A is y-axis as shown in figure. The electric field direction is along y-axis, then angular position of A (r, θ) is –




(1) $\theta = \tan^{-1}\sqrt{3}$ (2) $\theta = \tan^{-1}\sqrt{2}$

(3) $\theta = 45°$ (4) $\theta = \tan^{-1}\sqrt{5}$

67. Which one of the following is an example of covalent or network solid?

(1) $CaF_2$ (2) SiC

(3) $CO_2$ (4) ZnS

68. Which of the following is not a green house gas?

(1) $CO_2$ (2) $N_2O$

(3) $CH_4$ (4) $N_2$

69. The type of crystal system when axial distances $a \neq b \neq c$ and axial angles $\alpha = \gamma = 90°$ and $\beta \neq 90°$ is -

(1) Monoclinic (2) Trigonal

(3) Tetragonal (4) Triclinic

64. बहुकोशिकीय जीवों में, निम्नलिखित में से कौन सा कोशिका प्रचुरोद्भवन एवं वृद्धि का कारक नहीं है?

(1) प्लेटलेट से प्राप्त वृद्धि कारक (2) इन्टरल्यूकिन -3

(3) एरिथ्रोपोइटिन (4) इन्टरल्यूकिन -2

65. आवृतबीजीयों में एक नर युग्मक का दो ध्रुवीय केन्द्रकों से संलयन कहलाता है –

(1) त्रिसंलयन (2) अपबीजाणुता

(3) द्विनिषेचन (4) अनिषेकफलन

66. एक विद्युत द्विध्रुव जिसका द्विध्रुव आघूर्ण A है मूल बिंदु O पर इस प्रकार रखा है कि चित्र में दिखाए अनुसार y-अक्ष इसका निरक्ष है यदि बिन्दु A पर विद्युत क्षेत्र की दिशा y-अक्ष में अनुदिश है, तो A (r, θ) की कोणीय स्थिति है –




(1) $\theta = \tan^{-1}\sqrt{3}$ (2) $\theta = \tan^{-1}\sqrt{2}$

(3) $\theta = 45°$ (4) $\theta = \tan^{-1}\sqrt{5}$

67. निम्नलिखित में से कौनसा सहसंयोजक अथवा नेटवर्क ठोस का उदाहरण है?

(1) $CaF_2$ (2) SiC

(3) $CO_2$ (4) ZnS

68. निम्नलिखित में से कौन सी एक ग्रीनहाउस गैस नहीं है?

(1) $CO_2$ (2) $N_2O$

(3) $CH_4$ (4) $N_2$

69. क्रिस्टल तंत्र का प्रकार जब अक्षीय दूरियाँ $a \neq b \neq c$ और अक्षीय कोण $\alpha = \gamma = 90°$ और $\beta \neq 90°$ है –

(1) एकनताक्ष (2) त्रिकोणी

(3) द्विसमलंबाक्ष (4) त्रिनताक्ष

70. Which among the following functions represent a physically acceptable wave function?

(1) $i(x) = 2x^2$
(2) $f(x) = 5 \sin \frac{\pi x}{2}$
(3) $h^2(x) = 9x$
(4) $g(x) = \frac{1}{2} - |2x|$

71. The distance between a convex lens and a plane mirror is 10 cm. The parallel rays incident on the convex lens after reflection from the mirror form image at the optical centre of the lens. Focal length of lens is -

(1) 40 cm
(2) 10 cm
(3) 20 cm
(4) 5 cm

72. If $|\vec{A} \times \vec{B}| = \sqrt{3}\ \vec{A} \cdot \vec{B}$, then the value A $|\vec{A} + \vec{B}|$ is -

(1) $A + B$
(2) $\sqrt{(A^2 + B^2 + \sqrt{3} AB)}$
(3) $\sqrt{(A^2 + B^2 + AB)}$
(4) $\sqrt{(A^2 + B^2 + 3 AB)}$

73. Reserve food material in Red algae is -

(1) Floridean starch
(2) Mannitol
(3) Laminarin starch
(4) Glycogen

74. Chemical formula of hydronitrous acid is -

(1) $H_4N_2O_4$
(2) $H_2N_2O_2$
(3) $H_2N_2O_4$
(4) $H_2NO_2$

75. The correct order of ionic radii of $Tb^{3+}$, $Gd^{3+}$, $Eu^{3+}$, $Sm^{3+}$ and $Pm^{3+}$ is -

(1) $Tb^{3+} > Gd^{3+} > Eu^{3+} > Sm^{3+} > Pm^{3+}$
(2) $Pm^{3+} > Eu^{3+} > Sm^{3+} > Gd^{3+} > Tb^{3+}$
(3) $Pm^{3+} > Sm^{3+} > Eu^{3+} > Gd^{3+} > Tb^{3+}$
(4) $Eu^{3+} > Sm^{3+} > Tb^{3+} > Gd^{3+} > Pm^{3+}$

76. Which of the following is a group of facultative long day plants?

(1) Pea, Barley, Wheat
(2) Pea, Cotton, Soybean
(3) Oat, Sorgam, Rice
(4) Wheat, Soybean, Rice

70. निम्न फलनों में से कौन सा एक भौतिक रूप में स्वीकार्य तरंग फलन है?

(1) $i(x) = 2x^2$
(2) $f(x) = 5 \sin \frac{\pi x}{2}$
(3) $h^2(x) = 9x$
(4) $g(x) = \frac{1}{2} - |2x|$

71. एक उत्तल लेंस तथा समतल दर्पण के मध्य दूरी 10 cm है। उत्तल लेंस पर आपतित समानान्तर किरणें दर्पण से परावर्तित होकर लेंस के प्रकाशीय केन्द्र पर प्रतिबिम्ब बनाती हैं। लेंस की फोकस दूरी है –

(1) 40 cm
(2) 10 cm
(3) 20 cm
(4) 5 cm

72. यदि $|\vec{A} \times \vec{B}| = \sqrt{3}\ \vec{A} \cdot \vec{B}$ हो, तो $|\vec{A} + \vec{B}|$ का मान है –

(1) $A + B$
(2) $\sqrt{(A^2 + B^2 + \sqrt{3} AB)}$
(3) $\sqrt{(A^2 + B^2 + AB)}$
(4) $\sqrt{(A^2 + B^2 + 3 AB)}$

73. लाल शैवाल में संचित भोज्य पदार्थ है –

(1) फ्लोरिडीन स्टार्च
(2) मैनिटॉल
(3) लेमिनेरिन स्टार्च
(4) ग्लाइकोजन

74. हाइड्रोनाइट्रस अम्ल का रासायनिक सूत्र है –

(1) $H_4N_2O_4$
(2) $H_2N_2O_2$
(3) $H_2N_2O_4$
(4) $H_2NO_2$

75. $Tb^{3+}$, $Gd^{3+}$, $Eu^{3+}$, $Sm^{3+}$ एवं $Pm^{3+}$ की आयनिक त्रिज्या का सही क्रम है –

(1) $Tb^{3+} > Gd^{3+} > Eu^{3+} > Sm^{3+} > Pm^{3+}$
(2) $Pm^{3+} > Eu^{3+} > Sm^{3+} > Gd^{3+} > Tb^{3+}$
(3) $Pm^{3+} > Sm^{3+} > Eu^{3+} > Gd^{3+} > Tb^{3+}$
(4) $Eu^{3+} > Sm^{3+} > Tb^{3+} > Gd^{3+} > Pm^{3+}$

76. निम्नलिखित में कौन सा विकल्पी दीर्घ प्रदीप्तिकाली पौधों का समूह है?

(1) मटर, जौ, गेहूँ
(2) मटर, कपास, सोयाबीन
(3) ओट, ज्वार चावल
(4) गेहूँ, सोयाबीन, चावल

77. Abnormal secondary growth is found in -

(1) Dracaena (2) Cucurbita

